अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 9 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, 08, TOP

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में यूपीसीसीडीएसआईकोन आज से

बरेली (वि)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभाग और

क्लीनिको कार्डियो डायबिटीज सोसाइटी ऑफ इंडिया यूपी चैप्टर (यूपीसीसीडीएसआई) द्वारा दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस यूपीसीसीडीएसआईकॉन का आयोजन 9 और 10 मई 2026 को किया जाएगा। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया की बरेली शाखा (एपीआई) के सहयोग से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में 50 से अधिक कार्डियो डायबिटोलॉजिस्ट मधुमेह और संबंधित बीमारियों पर व्याख्यान देंगे। इसमें 500 से अधिक डेलीगेट्स शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी और मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. स्मिता गुप्ता ने बताया कि एसजीपीजीआई लखनऊ के डायरेक्टर पद्मश्री डॉ. आरके धीमन मुख्य अतिथि होंगे। साइंटिफिक सेक्रेटरी डॉ. दीपक दास ने बताया कि यह मेडिसिन अपडेट का छठवां संस्करण है। कॉन्फ्रेंस में तीन विशेष व्याख्यान होंगे। समापन 10 मई को डॉ. सौरभ श्रीवास्तव के डायबिटिक फुट पर दिए जाने वाले लेक्चर से होगा।